नव भारत
राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से


5 श्री गुरु तेग बहादुर जी की 350वें शहीदी दिवस को मनाना ऐतिहासिक पल


6 हसीना का प्रत्यर्पण भारत पर बंधनकारी नहीं


7 ट्रंप ने सऊदी अरब के साथ की आर्थिक साझेदारी


10 दूसरे दौर में लक्ष्य, प्रणय और किदांबी श्रीकांत

# किसानों को बनाएंगे मजबूत : मोदी

**09** करोड़ से अधिक किसानों के खातों में अंतरित की राशि | **18** हजार करोड़ रुपये किसानों के खातों में पहुंचे | **10** लाख करोड़ रुपए की किसानों को मदद भी दी गई | **35** हजार हेक्टेयर पर तमिलनाडु में ही हो रही है नेचुरल फार्मिंग



**नईदिल्ली/कोयंबटूर/धमतरी, 19 नवंबर. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तमिलनाडु के कोयंबटूर से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 21वीं किस्त जारी की. देशभर के 9 करोड़ से अधिक किसानों के खातों में सीधे अंतरित की गई. 18 हजार करोड़ रुपये किसानों के खातों में सीधे पहुंचे.**

पीएम मोदी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि इस योजना से देश के छोटे किसानों के खाते में अब तक 4 लाख करोड़ रुपए भेजे जा चुके हैं. किसानों को 10 लाख करोड़ रुपए की मदद भी दी गई है. उन्होंने कहा कि कोयंबटूर का टेक्सटाइल सेक्टर देश की इकोनॉमी में बहुत बड़ा कॉन्ट्रिब्यूटर है. नेचुरल फार्मिंग मेरे दिल के बहुत करीब है. उन्होंने कहा कि एक साल पहले सरकार ने नेचुरल किसान और नेचुरल फार्मिंग की शुरुआत की, जिससे कई किसान जुड़ चुके हैं. तमिलनाडु में ही 35 हजार हेक्टेयर पर नेचुरल फार्मिंग हो रही है. पीएम ने कहा कि कर्नाटक और केरल में मल्टीलेयर फार्मिंग हो रही है. एक साथ नारियल, मिर्ची और अन्य फसलें उगाई जा रही हैं.

कार्यक्रम में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, राज्य के कृषि मंत्री रामविचार नेताम, मंत्री दयालदास बघेल, टंकराम वर्मा तथा सांसद, विधायक, महापौर, जिला पंचायत अध्यक्ष व अन्य जनप्रतिनिधियों सहित धमतरी में राज्यस्तरीय कार्यक्रम में शामिल हुए.

## श्री सत्य साई बाबा का जन्म शताब्दी वर्ष हमारे लिए वरदान

**पुट्टपर्थी, 19 नवंबर.** पीएम मोदी बुधवार को आंध्र प्रदेश के पुट्टपर्थी में सत्य साईं बाबा के शताब्दी समारोह कार्यक्रम में शामिल हुए. इस दौरान पीएम मोदी और मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने पुट्टपर्थी में श्री सत्य साईं बाबा के जीवन और शिक्षाओं को समर्पित एक स्मारक सिक्का और डाक टिकटों का एक सेट जारी किया. कार्यक्रम में पूर्व भारतीय क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर, अभिनेत्री ऐश्वर्या राय बच्चन, केंद्रीय मंत्री राम मोहन नायडू किंजरापु और जी किशन रेड्डी भी उपस्थित रहे. पीएम मोदी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, श्री सत्य साईं बाबा का यह जन्म शताब्दी वर्ष हमारी पीढ़ी के लिए सिर्फ एक उत्सव नहीं, बल्कि एक दिव्य वरदान है. आज भले ही वे हमारे बीच दैहिक स्वरूप में नहीं हैं, लेकिन उनकी शिक्षा, उनका प्रेम और उनकी सेवा भावना आज भी करोड़ों लोगों का मार्गदर्शन कर रही हैं. उन्होंने कहा श्री सत्य साईं बाबा का जीवन वसुधैव कुटुम्बकम का जीवन स्वरूप था.



### मखाना बोर्ड में छग को भी किया जाएगा शामिल

समारोह में केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि छत्तीसगढ़ के किसान मखाने की खेती कर रहे हैं. केंद्र सरकार ने मखाना बोर्ड बनाया है. मखाने की खेती को आगे बढ़ाने, मखाने की प्रोसेसिंग के काम के लिए, मार्केटिंग, ब्रांडिंग के लिए तो मुख्यत: मखाने का उत्पादन बिहार में होता था, लेकिन अब मखाने का उत्पादन छत्तीसगढ़ में भी होता है, इसलिए मखाना बोर्ड में छत्तीसगढ़ को भी शामिल किया जाएगा, जिससे यहां के किसानों को जो मखाना पैदा कर रहे हैं उनको लाभ दे सकें.

# रैपुरा में बनेगा नवीन महाविद्यालय : सीएम

नवभारत ब्यूरो


**पन्ना, 19 नवंबर. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को पवई विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत शाहनगर में हितग्राही सम्मेलन को संबोधित किया. यहां उन्होंने स्थानीय जनप्रतिनिधियों की मांग पर रैपुरा में नवीन महाविद्यालय खोलने, वर्तमान ग्राम पंचायत शाहनगर को नगर परिषद बनाने तथा शाहनगर ब्लॉक में दो अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र खोलने की घोषणा की.**



मुख्यमंत्री ने 83 करोड़ की लागत वाले 14 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया. इसमें 9 करोड़ रूपए की लागत से बनी बिसानी-श्यामगिरी-कल्दा-सले हा वाया मैन्हा मार्ग के उन्नयन कार्य का लोकार्पण एवं 74 करोड़ रूपए की लागत से बनने वाले 13 विकास कार्यों का भूमिपूजन शामिल हैं. इसके अंतर्गत मुख्यमंत्री ने 4.25 करोड़ रूपये की लागत से बनने वाले पवई में तिघरा बैराज का भूमिपूजन किया. मुख्यमंत्री ने दीप प्रज्ज्वलन एवं कन्या पूजन कर हितग्राही सम्मेलन की शुरूआत की.

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पन्ना की रत्नगर्भा भूमि किसी पहचान की मोहताज नहीं है. पन्ना ने खुद के साथ मध्यप्रदेश को भी गौरवांवित किया है. उन्होंने कहा कि इन दिनों जहां देखो, उधर अपना पन्ना ही चमक रहा है. पन्ना की पुण्यधरा से निकलने वाले पारस (हीरा) से मध्यप्रदेश पूरे विश्व में मशहूर हो रहा है. मध्यप्रदेश को डायमंड स्टेट और टाइगर स्टेट का दर्जा दिलाने का श्रेय भी पन्ना को ही जाता है.

## एक नजर में



### आरएसएस प्रमुख भागवत आज जाएंगे मणिपुर

**नई दिल्ली.** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत गुरुवार को मणिपुर जाएंगे. 2023 में जातीय हिंसा भड़कने के बाद से यह उनका पहला राज्य दौरा है. संगठन के एक पदाधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी. आरएसएस के राज्य महासचिव तरुण कुमार शर्मा ने बताया कि भागवत अपनी तीन दिन की यात्रा के दौरान नागरिकों, उद्यमियों और जनजातीय समुदाय के प्रतिनिधियों से बातचीत करेंगे. शर्मा ने कहा, हमारे सरसंघचालक की यह यात्रा आरएसएस की शताब्दी समारोह से जुड़ी हुई है.



### रीना बौरासी मप्र महिला कांग्रेस अध्यक्ष नियुक्त

**नयी दिल्ली.** कांग्रेस ने मध्य प्रदेश में पार्टी संगठन को और मजबूत बनाने के लिए दो अहम नियुक्तिया करते हुए वरिष्ठ नेत्री रीना बौरासी सेतिया को प्रदेश महिला कांग्रेस का नया अध्यक्ष बनाया है। पार्टी ने इसके साथ ही अवनीश भार्गव को प्रदेश कांग्रेस सेवा दल का मुख्य संगठनकर्ता भी नियुक्त किया है।कांग्रेस महासचिव संगठन के सी वेणुगोपाल ने यह जानकारी देते हुए बताया कि पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने दोनों पदाधिकारियों को तत्काल प्रभाव सर अपना काम शुरू करने के लिए कहा है।

## गुस्ताखी माफ




## छग में खड़े ट्रक में घुसी स्कॉर्पियो, 6 की मौत

**रायपुर, 19 नवंबर.** कोंडागांव जिले में मसोरा टोल प्लाजा के पास एक खड़े ट्रक में तेज रफ्तार स्कॉर्पियो के घुस जाने से दो परिवारों के छह लोगों की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए. यह हादसा मंगलवार की रात को हुआ, जब ये लोग फिल्म देखकर अपने गांव लौट रहे थे. मृतकों में पिता-पुत्र भी शामिल हैं, और गंभीर रूप से घायलों को जगदलपुर रेफर किया गया है. हादसे में मरने वालों की पहचान नूतन मांझी (18), शत्रुघ्न मांझी (26), लखनराम मंडावी (40), उपेंद्र मंडावी (17) और रूपेश मंडावी (23) के रूप में हुई है. एक अन्य मृतक की पहचान अभी नहीं हो पाई है. मरने वालों में लखनराम मंडावी और उपेंद्र मंडावी पिता-पुत्र थे. इस हादसे में पांच लोग घायल भी हुए हैं.

# 10वीं बार सीएम बनेंगे नीतीश

## पीएम मोदी समेत 11 राज्यों के सीएम होंगे शामिल

**पटना, , 19 नवंबर. पटना का गांधी मैदान नया इतिहास रचने जा रहा है. यहां गुरुवार को यहां नीतीश कुमार रिकॉर्ड 10वीं बार सीएम पद की शपथ लेंगे. समारोह को भव्य बनाने की तैयारी लगभग पूरी हो चुकी है.**

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबधन (राजग) विधायक दल का नेता चुने जाने के बाद अपने पद से इस्तीफा देते हुए राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान के समक्ष नई सरकार बनाने का दावा पेश किया है.



समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, भाजपा अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा और कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, कई केंद्रीय मंत्री, एमपी के सीएम मोहन यादव, सीएम योगी आदित्यनाथ और कई डिप्टी सीएम शामिल होंगे. गांधी मैदान में 3 पंडाल लगाए गए हैं. दो मंच है. नीतीश 10वीं बार गुरुवार को 1.30 बजे सीएम पद की शपथ लेंगे. वीआईपी सुरक्षा को देखते हुए गांधी मैदान और उसके आसपास की सड़कों पर चौकसी रहेगी, गाड़ियां नहीं चलेंगी.

# नक्सली मुठभेड़ में हॉक फोर्स निरीक्षक आशीष शहीद

- तीन बार वीरता पुरस्कार से सम्मानित हो चुके थे आशीष
- नक्सलियों ने जवानों पर घात लगाकर की फायरिंग

**राजनांदगांव, 19 नवंबर (वार्ता) महाराष्ट्र-मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ तीनों की सीमा पर स्थित बोरतलाव थाना क्षेत्र के कनघुर्रा जंगल में सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच बुधवार सुबह हुई मुठभेड़ में हॉक फोर्स निरीक्षक आशीष शर्मा शहीद हो गए.**

यह संयुक्त ऑपरेशन महाराष्ट्र, बालाघाट (मध्यप्रदेश), छत्तीसगढ़ (राजनांदगांव/ खैरागढ़) तथा केंद्रीय सुरक्षा बल की टीमों द्वारा चलाया गया था. राजनांदगांव



पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मुठभेड़ की शुरुआत सुबह करीब 8:30 बजे हुई, जब नक्सलियों ने जवानों पर घात लगाकर फायरिंग की. जवाबी कार्रवाई में हॉक फोर्स के निरीक्षक आशीष शर्मा गंभीर रूप से घायल हो गए, उन्हें तत्काल छत्तीसगढ़ के डोंगरगढ़ अस्पताल लाया गया, जहां उपचार के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया. पुलिस ने बताया कि शहीद निरीक्षक शर्मा बालाघाट जिले में पदस्थ थे और अपनी बहादुरी के लिए जाने जाते थे, उन्हें तीन बार वीरता पुरस्कार (गैलेंट्री अवॉर्ड) से सम्मानित किया जा चुका था.

### सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में सात नक्सली ढेर

**आंध्र प्रदेश/सुकमा, 19 नवंबर (वार्ता)** आंध्र प्रदेश के मोरडुमिल्ली इलाके में सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच बुधवार तड़के मुठभेड़ हुई. इसमें सात नक्सली मारे गए, जिनमें तीन महिला नक्सली भी शामिल हैं. यह कार्रवाई मंगलवार से चल रहे संयुक्त कार्रवाई का हिस्सा है. प्रारंभिक जानकारी के अनुसार सात नक्सलियों के मारे जाने की पुष्टि हुई है, जिनमें संगठन का शीर्ष सदस्य मेटूरू जोगा राव उर्फ टेक शंकर भी शामिल बताया जा रहा है. बस्तर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक पी. सुन्दराज ने बताया कि हम आंध्र प्रदेश पुलिस के साथ संपर्क में हैं. पुलिस सूत्रों ने बताया कि मुठभेड़ आल्लूरी सीताराम राजू जिले के मोरडुमिल्ली थाना क्षेत्र के जीएम वालासा गांव के जंगलों में हुई.

### सीएम ने आशीष शर्मा को दी श्रद्धांजलि

भोपाल. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नक्सलियों से मुठभेड़ में वीरगति को प्राप्त हुए मध्यप्रदेश हॉक फोर्स के निरीक्षक आशीष शर्मा को विनम्र श्रद्धांजलि दी है. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने निरीक्षक शर्मा के परिजन के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं.

# ईडी हिरासत में कुलाधिपति

## अल फलाह विश्वविद्यालय के धनशोधन का मामला

**नयी दिल्ली (19 नवंबर) दिल्ली की एक अदालत ने अल-फलाह विश्वविद्यालय, फरीदाबाद के अध्यक्ष एवं कुलाधिपति जावद अहमद सिद्दीकी को कथित धोखाधड़ी वाले मान्यता दावों से जुड़े धनशोधन मामले में 13 दिनों की प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की हिरासत में भेज दिया है।**

यह आदेश मंगलवार देर रात साकेत जिला न्यायालय में अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश शीतल चौधरी प्रधान ने पारित किया। ईडी ने 14 दिन की हिरासत की मांग करते हुए तर्क दिया था कि सिद्दीकी उस योजना के केंद्र में था जिसमें अल-फलाह विश्वविद्यालय और उसके संबद्ध संस्थानों ने कथित रूप से लगभग 415.10 करोड़ रुपये की अपराध आय अर्जित की थी।

### यूनिवर्सिटी के 10 लोग लापता

हरियाणा के फरीदाबाद स्थित अल-फलाह यूनिवर्सिटी में काम करने वाले या पढ़ने वाले कम से कम 10 लोगों के लापता होने की रिपोर्ट है. लाल किला कार बम धमाके के सिलसिले में जांचकर्ता अल-फलाह यूनिवर्सिटी को ही ग्राउंड जीरो मान कर चल रहे हैं. अब रिपोर्ट है कि यहां से कम से कम 10 लोग गायब हैं और उनमें से तीन कश्मीरी भी बताए जा रहे हैं.

# ट्रिब्यूनल रिफॉर्म्स एक्ट 2021 किया रद्द

## सुप्रीम कोर्ट ने कहा- यह न्यायिक स्वतंत्रता के खिलाफ

**नई दिल्ली, 19 नवंबर (वार्ता) उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को न्यायाधिकरण सुधार अधिनियम, 2021 के कुछ महत्वपूर्ण प्रावधानों को रद्द कर दिया. कहा कि यह कानून शक्तियों के बंटवारे एवं न्यायिक स्वतंत्रता के संवैधानिक सिद्धांतों का उल्लंघन करता है.**

मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति के. विनोद चंद्रन की पीठ ने विभिन्न न्यायाधिकरणों में नियुक्तियों के संबंध में पूर्व के निर्णयों में बाध्यकारी निर्देशों को लागू करने में बार-बार विफल रहने पर केंद्र सरकार पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की. शीर्ष अदालत ने कहा कि 2021 के अधिनियम में पहले निरस्त किए गए प्रावधानों को पुनः लागू किया गया तथा मद्रास बार एसोसिएशन (एमबीए) के कई मामलों में न्यायालय द्वारा चिन्हित दोषों को समाप्त नहीं किया गया. एमबीए द्वारा 2021 में दायर चुनौती को स्वीकार करते हुए शीर्ष अदालत ने माना कि यह अधिनियम आधिकारिक न्यायिक घोषणाओं को विधायी रूप से खारिज करने के समान है और इसे बरकरार नहीं रखा जा सकता है. इसने दोहराया कि पूर्व एमबीए निर्णयों में निर्धारित निर्देश जैसे न्यायाधिकरण के सदस्यों के लिए न्यूनतम पांच वर्ष का कार्यकाल और कम से कम दस वर्ष के अनुभव वाले अधिवक्ताओं की पात्रता, तब तक लागू रहेंगे जब तक कि संसद न्यायिक निर्देशों के अनुपालन में नया कानून नहीं बना लेती.





# दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने पकड़ी 100 करोड़ की ड्रग्स

**नई दिल्ली, 19 नवंबर. दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने नए साल से पहले बड़ी कार्रवाई की. 'ऑपरेशन न्यू ईयर' के तहत चलाए गए अभियान में पुलिस ने करीब 105 करोड़ रुपए की ड्रग्स बरामद की.**

यह ड्रग्स (मेथाम्फेटामाइन्स) रेव पार्टियों और बड़े सेलिब्रेशन में इस्तेमाल होती है. पुलिस ने चार तस्करों को गिरफ्तार किया है. इनमें से तीन आरोपियों को दिल्ली से और एक आरोपी को बेंगलुरु से पकड़ा गया. सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि इन लोगों ने दिल्ली में ही एक मोबाइल ड्रग्स मैन्युफैक्चरिंग यूनिट (फैक्ट्री) बना रखी थी. यह फैक्ट्री एक चलते-फिरते ट्रक में छिपाई गई थी, जिसका पुलिस ने भंडाफोड़ कर दिया. पुलिस ने बताया कि यह खेप नए साल की पार्टियों में सप्लाई की जानी थी. मेथाम्फेटामाइन्स की यह बड़ी मात्रा विदेश से मंगवाई गई थी और इसका नेटवर्क अंतरराष्ट्रीय स्तर पर फैला हुआ है. पुलिस अभी इनके विदेशी कनेक्शन की गहराई से जांच कर रही है.

### बेंगलुरु में दिनदहाड़े 7 करोड़ की लूट

**बेंगलुरु, 19 नवंबर.** सिलिकॉन सिटी बेंगलुरु में दिनदहाड़े शहर के एक बहुत ही अहम इलाके में पूरे 7 करोड़ रुपये लूट लिए गए. लुटेरों ने चलती गाड़ी को चेकिंग के बहाने रोका और पैसे लूट लिए. इस पर गृह मंत्री डॉ. जी. परमेश्वर ने कहा है कि हम चोरों को जरूर पकड़ेंगे, अभी-अभी केस में एक सुराग मिला है.विधानसौध परिसर में बेंगलुरु की 7.11 करोड़ रुपये की डकैती पर बात करते हुए परमेश्वर ने कहा, डकैती के बारे में जानकारी मिली है. इसका असली कारण कौन है? एटीएम में कैश डालने की जानकारी किसने दी? कैश डालने वालों में से ही कोई शामिल है या नहीं, यह अभी पता नहीं है. अभी-अभी एक लीड मिली है. हमने इस मामले को बहुत गंभीरता से लिया है. वे जिस कार में आए थे, उसी में पैसे लेकर चले गए. कुछ जानकारी मिली है, लेकिन सब कुछ बताया नहीं जा सकता. सारी जानकारी शेयर करना मुमकिन नहीं है.

**बदलाव की बयार** | **चम्बल संभाग आयुक्त बोले-भूमि प्रकरणों में देरी बर्दाश्त नहीं**

# चम्बल में होगा औद्योगिक विकास, बदलेगी सूरत :सुरेश कुमार

अनिल शर्मा

**ग्वालियर 19 नवम्बर.** चम्बल संभाग के आयुक्त एवं वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी सुरेश कुमार ने कहा कि चम्बल क्षेत्र में औद्योगिक विकास को धरातल पर मूर्त रुप दिया जा रहा है और जल्द इससे पूरे क्षेत्र की तस्वीर बदलेगी। श्री कुमार ने नवभारत से एक विशेष बातचीत में स्पष्ट किया कि सीतापुर औद्योगिक क्षेत्र में उद्योगपति रुचि ले रहे हैं और निवेश के नये प्रस्ताव भी अमलीजामा पहनने की तरफ है। औद्योगिक क्षेत्र में चम्बल का विकास एक वरदान होगा क्योंकि इससे चम्बल संभाग के जिलों मुरैना, भिण्ड, श्योपुर में विकास को नई रफ्तार मिलेगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में विकास के लिये भूमि से संबंधित प्रकरणों का निराकरण समयसीमा में हो। राजस्व संबंधी प्रकरण में देरी बर्दाश्त नहीं होगी।

संभागायुक्त ने सरकारी जमीनों पर अतिक्रमण को लेकर कहा कि कब्जे हटाने के लिये चरणबद्ध तरीके से कार्यवाही होगी खासकर ट्रेफिक व्यवस्था को ठीक करना बड़ी जिम्मेदारी है और इसके लिये अतिक्रमण बड़ा गुनहगार है. इसलिये शहर और ग्रामीण क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने के साथ ही ट्रेफिक को बेहतर कार्ययोजना के साथ लाया जाएगा जिससे आमजन को परेशानी न हो। उन्होंने कहा कि शासन की मंशानुसार जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन को तेज गति से अमल में लाया जा रहा है इसके साथ प्रत्येक विभाग कार्यालयों में जनसुनवाई के प्राथमिकता में रखा गया है।

### धान की फसल को बारिश से नुकसान, भरपाई करेंगे



चम्बल संभाग के कमिश्नर सुरेश कुमार ने कहा कि बारिश से किसानों का नुकसान हुआ है।खासकर श्योपुर जिले में धान की फसल को काफी क्षति पहुंची है।इसके लिये सर्वे कराया जा रहा है और किसानों के नुकसान की भरपाई की जाएगी।उन्होंने कहा कि सर्वे में तैनात अधिकारियों को कहा गया है कि संवेदनशीलता के साथ निष्पक्ष तरीके से नुकसान का आंकलन करें, जिससे किसानों को मदद पहुंच सके।

### शहरी क्षेत्र में स्वच्छता प्राथमिकता

भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी एवं चम्बल संभाग आयुक्त सुरेश कुमार ने शहरी क्षेत्र में स्वच्छता पर जोर देते हुए कहा कि नगरीय क्षेत्र में स्वच्छता के लिए सभी को आगे आना होगा। उन्होंने माना कि ग्रामीण क्षेत्रों में सफाई बेहतर ढंग से रहती है जबकि शहरी इलाकों में लोगों में जागरुकता जरुरी है। इसके लिये शासन की मंशा अनुसार रणनीति बनाकर कार्य किया जा रहा है।